तापमान
अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

12 अटल टिंकरिंग लैब्स को 'ऑन' करने स्कूलों में ...



12 फार्म भरने वाला न मिलने से पेंशनधारक रहे परेशान



## खबर संक्षेप

### 600 पॉपुलर के पेड़ उखाड़े गन्ने की फसल नष्ट, केस

**यमुनानगर।** गांव कोतरखाना निवासी अजीत सिंह ने अज्ञात व्यक्ति पर खेत में खड़े 600 पॉपुलर के पेड़ उखाड़ने और गन्ने की फसल पर दवाई का छिड़काव कर उसे नष्ट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने ट्यूबवेल के कमरे से स्टार्टर और चारपाई भी चोरी कर ली। अजीत सिंह ने मामले की शिकायत थाना छप्पर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है।

### पानीपत: अग्निवीरों की भर्ती 20 से

**पानीपत।** अंबाला मुख्यालय आरटीजी जोन के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती का आयोजन 20 से 27 जुलाई तक रोहतक के राजीव गांधी खेल परिसर में होगा। वहीं, इस रैली के लिए प्रवेश पत्र मंगलवार से आधिकारिक वेबसाइट पर डाउनलोड किए जा सकते हैं। वहीं, रोहतक भर्ती कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि यह भर्ती रैली सोनीपत, पानीपत, झज्जर और रोहतक जिलों के उन अभ्यर्थियों के लिए है जिन्होंने ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### पानीपत: जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने समालखा की प्रीतमपुरा कॉलोनी में खाली प्लाट में दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहे बाग वाला मोहल्ला निवासी प्रदीप उर्फ मोना पर हुई जानलेवा हमले के आरोपी गाविंदा निवासी कालीरमन पाना, समालखा को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि जानलेवा हमले का यह केस समालखा चौकी में पीड़ित प्रदीप उर्फ मोना की शिकायत पर दर्ज है। आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### पिता ने डेढ़ साल की बेटी से किया दुष्कर्म का प्रयास

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां जब दोपहर को घर लौटी तो उसने अपने पति को बेटी के साथ गलत हरकत करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एक महिला ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और साढ़ौरा में रहकर मजदूरी कर रहा है। परिवार में तीन बच्चे हैं। दोपहर पति नशे की हालत में घर आया और डेढ़ साल की बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। उसने मौके पर ही

## बराड़ा: केसरी रेलवे स्टेशन के पास खाना गर्म करते समय हादसा

# गैस सिलेंडर का पाइप फटने से धमाका घर की दीवारें ढहीं, युवक झुलसा

- युवक को चंडीगढ़ सेक्टर-32 अस्पताल रेफर किया
- पिता बोले-पल भर में सब कुछ उजड़ गया, पुलिस ने मुआयना कर साक्ष्य जुटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा के रेलवे स्टेशन केसरी के पास मंगलवार को एक घर में गैस सिलेंडर का पाइप फटने से जोरदार धमाका हो गया। हादसे में घर की दीवारें ढह गईं और एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना रसोई में खाना गर्म करने के दौरान हुई। अचानक गैस सिलेंडर का पाइप फटने से हुए धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घर की पक्की कंक्रीट की दीवारें गिर गईं। लोहे और लकड़ी के दरवाजे भी टूटकर दूर जा गिरे। हादसे में घर में मौजूद युवक दीपक कुमार बुरी तरह झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चंडीगढ़ रेफर किया गया है। परिजनों और चश्मदीदों के



बराड़ा। धमाके के बाद हुए नुकसान को दिखाता मालिक। फोटो : हरिभूमि

अनुसार हादसा अचानक हुआ। रेलवे स्टेशन केसरी निवासी दीपक कुमार दोपहर में खाना खाने के लिए घर आया था। रसोई बंद होने के कारण वहां पहले से गैस लीक होकर जमा हो चुकी थी। दीपक को गैस रिसाव का पता नहीं चला। जैसे ही उसने खाना गर्म करने के लिए माचिस जलाई, हवा में फैली गैस ने आग पकड़ ली। कुछ ही सेकंड में सिलेंडर का पाइप फट गया और जोरदार धमाका हो गया। इससे कंक्रीट की मजबूत दीवारें ढह गईं और घर मलबे में तब्दील हो गया।धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मलबे और धुएं के बीच ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद झुलसे दीपक को बाहर निकाला और नागरिक अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे चंडीगढ़ सेक्टर-32 अस्पताल रेफर कर दिया।घायल युवक के पिता पवन सिंह ने बताया कि हादसे के समय घर में वह और उनका बेटा दीपक ही मौजूद थे, जबकि दीपक की मां दवाई लेने डॉक्टर के पास गई हुई थीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे का निरीक्षण किया। पुलिस ने गैस लीकेज के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हादसा गैस रिसाव के कारण होना सामने आया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### माचिस जलाते ही विस्फोट

दीपक को गैस लीक होने का अंदाजा नहीं था। उसने जैसे ही खाना गर्म करने के लिए माचिस जलाई, हवा में फैली गैस ने तुरंत आग पकड़ ली।

### घर में मां-बेटा ही थे

हादसे में झुलसे युवक के पिता पवन सिंह ने बताया- ृहादसे के समय घर पर सिर्फ मैं और मेरा बेटा दीपक ही थे। दीपक की मां दवाई लेने डॉक्टर के पास गई हुई थी। सब कुछ पल भर में उजड़ गया।

## राादौर के कांजनू नहर पुल के पास सीआईए-टू की कार्रवाई

# सर्राफा लूटकांड के फरार बदमाशों से मुठभेड़, तीन को गोली लगी





यमुनानगर। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती करवाते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

- रिमांड पर चल रहे संदीप-नीरज से पूछताछ के दौरान मिली थी अहम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर के मुख्य बाजार में सर्राफा कारोबारी से लाखों रुपये की लूट के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीती रात को सीआईए-टू की टीम की रादौर के कांजनू नहर पुल के पास फरार इनामी बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान करनाल में इंद्री के रवि, सोनीपत के गन्नौर निवासी सतबीर और पवन उर्फ पुन्ना पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गए। जबकि उनका साथी प्रवीण को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल तीनों आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सर्राफा लूटकांड में गिरफ्तार किए गए करनाल के इंद्री निवासी संदीप और नीरज को 11 जुलाई को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में पुलिस को उनके फरार साथियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसी इनपुट के आधार पर सीआईए टू की टीम ने कांजनू नहर पुल के पास दबिश दी। जहां बदमाशों का पुलिस से आमना सामना हो गया। कार्रवाई के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम से बचने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में रवि, सतबीर और पवन उर्फ पुन्ना घायल हो गए। जबकि प्रवीण को पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया।

### चार जुलाई को हुई थी लूट

चार जुलाई की रात करीब आठ बजे रादौर के मुख्य बाजार स्थित शाकुंभरी ज्वेलर्स के संचालक अमित कुमार दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने शटर बंद कर नकदी से भरा बैग उठाया तो पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। पिस्तौल की बट से सिर पर वार कर बदमाश नकदी से भरा बैग छीन ले गए थे। फरार होते समय दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की थी। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

## कोहंड-असंध रोड पर अवैध शराब के ठेके का भंडाफोड़



करनाल। कोहंड-असंध रोड पर अवैध शराब के ठेके पर छापेमारी के दौरान जांच करती मुनक थाना पुलिस। फोटो : हरिभूमि

- पुलिस के छापे में भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुनक थाना पुलिस ने कोहंड-असंध रोड पर संचालित एक अवैध शराब के ठेके का भंडाफोड़ किया। देर रात छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की तथा मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। मामले की सूचना आबकारी विभाग को भी दे दी गई है। कोहंड-असंध रोड पर लंबे समय से सड़क किनारे अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी। हैरानी की बात यह रही कि यह कारोबार काफी समय से खुलेआम चल रहा था, लेकिन संबंधित विभागों को इसकी भनक तक नहीं लगी। गुप्त सूचना मिलने के बाद मुनक थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान से अंग्रेजी शराब की कई बोतलें और बीयर का बड़ा जखीरा बरामद किया।

मौके पर मौजूद एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरामद शराब को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद अवैध शराब कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जाएगी।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने पब्लिक हेल्थ विभाग के पाइप चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना सहित तीन आरोपियों रज्जाक पुत्र कमरूद्दीन निवासी गोलपुरी मेवात, आशिफ पुत्र इकबाल निवासी गांव बुराका जिला पलवल व देवेंद्र पुत्र रामनारायण निवासी सोनीपत हाल निवासी रोहतक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में पानीपत और गुजरात के वडोदरा में की गई पाइप चोरी की एक-एक वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरी के पाइपों से भरा कैंटर कब्जे में लेने के साथ ही आरोपियों की निशानदेही पर पानीपत से 116 चोरी के पाइप बरामद किए। थानेदार मतलौडा राजेश ने बताया कि कैंटर से 64 पाइप बरामद हुए। आरोपी ये पाइप गुजराज के वडोदरा से चोरी कर के लाए थे। आरोपियों ने गांव उंटला में भी पब्लिक हेल्थ विभाग के पाइप चोरी किए थे। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में पब्लिक हेल्थ एसडीओ वीरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

## झांसा देकर 15.90 लाख की लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** नग्गल क्षेत्र के सेगती कट के पास हथियार की नोक पर 15.90 लाख रुपये की लूट मामले में सीआईए-1 ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन उर्फ छोटा निवासी नरवाना और मनीष कुमार निवासी फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने तीन गुना पैसा करने का लालच देकर राजस्थान निवासी विष्णु को अंबाला बुलाया था और वारदात को अंजाम दिया था। मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

## हाइड्रा ने दो महिलाओं को कुचला, एक की मौत, दूसरी की बाजू काटनी पड़ी

- हादसे में तीन वर्षीय बच्ची उछलकर सड़क किनारे गिरी जिससे उसकी जान बच गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के शादीपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार हाइड्रा ने सड़क किनारे पैदल जा रही दो महिलाओं को कुचल दिया। हादसे में 55 वर्षीय हमीदा खातून की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि अनीषा खातून गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान डॉक्टरों को उसकी एक बाजू काटनी पड़ी। हादसे में अनीषा की गोद में मौजूद तीन वर्षीय बच्ची अनाया टक्कर लगने से उछलकर सड़क किनारे जा गिरी, जिससे उसकी जान बच गई।जानकारी के अनुसार बिहार निवासी रियाज अपनी पत्नी, बेटी और मासी के साथ शादीपुर बाजार जा रहा था। खजुरी रोड पर तेज रफ्तार हाइड्रा ने दोनों महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात हाइड्रा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रतिबंधित कैप्सूल रखने के दोषी को 10 साल की सजा

यमुनानगर। अदालत ने प्रतिबंधित दवाई के 1152 कैप्सूल बरामदगी मामले में दोषी रवि निवासी गांव संतपुरा, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने इससे पहले 12 जुलाई को रवि को दोषी करार दिया था। वहीं, सहआरोपी सुशील और अंकित के खिलाफ आरोप साबित नहीं होने पर उन्हें बरी कर दिया गया।जिला उपन्यायवादी सुधीर सिंधर ने बताया कि मामला पिछले वर्ष सात मार्च का है। थाना व्यासपुर पुलिस ने एंटी नारकोटिक्स सेल की सूचना पर गांव बिहटा बस अड्डे के पास कार्रवाई करते हुए रवि को पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास से चार डिब्बों में 1152 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद हुए थे।जांच में ड्रग कंट्रोल अधिकारी बिंदु धीमान ने कैप्सूल को प्रतिबंधित श्रेणी का बताया था। पूछताछ में रवि ने दावा किया था कि उसने कैप्सूल सुशील और अंकित से खरीदे थे। अदालत ने रवि के खिलाफ मिले सबूतों के आधार पर उसे दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया।

## राष्ट्रीय पक्षी मोरनी की मौत सम्मान के साथ दी विदाई



**बराड़ा।** बराड़ा-दोसड़का रोड पर मृत अवस्था में मिली राष्ट्रीय पक्षी मोरनी का मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पशु चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम के बाद उसकी मौत को प्राकृतिक (नेचुरल) करार दिया, क्योंकि शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बराड़ा पशु अस्पताल में सूचना मिली कि बराड़ा-दोसड़का रोड पर एक मोर घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी उसे तत्काल पशु अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि वह मोर नहीं, बल्कि मोरनी थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। वेटनरी सर्जन डॉ. शरद ने मोरनी का पोस्टमार्टम किया।

## सावी का अमेज़न में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजी. के पद पर चयन

**बराड़ा।** ग्राम अधोया की होनहार बेटी सावी गर्ग ने महज 21 वर्ष की आयु में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हैदराबाद स्थित विश्व की अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी अमेज़न में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सावी भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार गर्ग की पुत्री हैं। सावी ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपने स्वर्गीय दादा-दादी, गुरुजनों तथा ताऊ-चाचा सहित पूरे परिवार को दिया। उन्होंने अपने चचेरे बड़े भाई शुभम सिंगला को अपना मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकी हैं। सावी ने अपनी दसवीं तक की शिक्षा यहां के शैमफोर्ड स्कूल से 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ पूरी की। इसके बाद उन्होंने इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग शाखा में बीटेक की पढ़ाई 9.02 सीजीपीए के साथ डिस्टिंक्शन में पूरी की।



## केयू की शैक्षणिक परिषद की बैठक में एआई सहित अनेक नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी

*अप्रेंटिसशिप स्टाइपेंड बढ़कर 12 हजार रुपये हुआ*

# उच्च शिक्षा में एआई बनेगा शिक्षण और मूल्यांकन का प्रभावी सहयोगी: प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 130वीं शैक्षणिक परिषद (एकेडमिक काउंसिल) की बैठक कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में श्रीमद्भगवद्गीता सदन के सीनेट हॉल में ब्लेंडेड मोड में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत, शैक्षणिक सुधारों और उद्योग-अकादमिक सहयोग से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों और उद्योगों के साथ हुए एमओयू को भी स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, अनुसंधान, कौशल विकास, इंटर्नशिप और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उच्च शिक्षा में शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव ला रही है।



कुरुक्षेत्र। बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

### नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि एआई भविष्य में शिक्षण, अध्ययन सामग्री और मूल्यांकन को अधिक प्रभावी बनाएगा। विश्वविद्यालय ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री कार्यक्रम शुरू किए हैं। बीओएटी के सहयोग से विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रशिक्षण मिलेगा और स्टाइपेंड 9 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। परिषद ने बीसीए (एआई), बीएससी (डेटा साइंस), जियोलॉजी, सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बी.वोक. इंडस्ट्रियल बायोकैमिस्ट्री और एनवायरनमेंटल साइंस एंड सस्टेनेबिलिटी सहित कई नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी।

### मौजूद रहे

बैठक में कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीन आफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. एनके माटा, प्रो. एसपी सिंह, प्रो. हरी सिंह, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. मंजुला चौधरी, प्रो. कृष्णा देवी, प्रो. नरेन्द्र, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. जसबीर सिंह, प्रो. महावीर सिंह, प्रो. आरके मोदगिल, प्रो. महेन्द्र चंद, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. रीटा, प्रो. विवेक चावला, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. कुसुमलता, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. एसके चहल, प्रो. ओमवीर सिंह, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. सुरेन्द्र माही, प्रो. अवनीश वर्मा, प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो मुकेन्द्र कादियान, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, प्रो. जितेन्द्र भारद्वाज, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, ओएसडी पवन रोहिला, उप-कुलसचिव विनोद वर्मा, विजय शर्मा सहित शैक्षणिक परिषद के सदस्यों, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# गजकेसरी महालक्ष्मी योग में आज से शुरू होंगे गुप्त नवरात्रि

## 15 से 22 जुलाई तक होगी मां दुर्गा की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि इस साल बेहद खास होने वाली है। सनातन परंपरा में यह काल गुप्त साधनाओं और तांत्रिक अनुष्ठानों के लिए जाना जाता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि इस बार बहुत ही दुर्लभ गजकेसरी महालक्ष्मी' योग बन रहा है, जो धन, समृद्धि और संकट नाश का महासंयोग माना जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह योग स्थिरता, न्याय और धन की प्राप्ति का प्रतीक है। यह दुर्लभ योग कुंडली के दरिद्र योगों को भी निष्प्रभावी करने की क्षमता रखता है।इस वर्ष आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई बुधवार से शुरू हो रही है और 22 जुलाई बुधवार को समाप्त होगी। यह नवरात्रि आम नवरात्रि से अलग होती है, क्योंकि इसमें गुप्त रूप से साधनाएं की जाती हैं। गृहस्थ जीवन जीने वाले लोगों के लिए यह काल कष्टों से मुक्ति और नए संकल्पों का समय है।

### घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

▶▶| 15 जुलाई (बुधवार) समयः सुबह 6:01 बजे से 10:17 बजे तक

▶▶| **ब्रह्म मुहूर्तः** सुबह 4:11 बजे से 4:52 बजे और इस दिन पुष्य नक्षत्र, हर्षण योग और सिद्ध योग का शुभ संयोग भी रहेगा, जिससे पूजा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करने से साधना का फल कई गुना बढ़ जाता है।

### दस महाविद्याओं की साधना का महत्व



डॉ. रामराज कौशिक गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक

डॉ. रामराज कौशिक ने बताया की गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के 10 शक्तिशाली स्वरूपों की साधना की जाती है। इन महाविद्याओं की पूजा से साधक को विशेष फल की प्राप्ति होती है। कमला, तारा, बगलामुखी, काली, त्रिपुर सुंदरी, धूमावती, भैरवी, भुवनेश्वरी, मातंगी और छिन्नमस्ता - इन दस शक्तियों की साधना से साधक के जीवन से कई पीढ़ियों की दरिद्रता दूर हो सकती है।यह नवरात्रि उन लोगों के लिए बड़ा अवसर है, जो लंबे समय से कर्ज, व्यापार घाटा या अज्ञात बाधाओं से परेशान हैं।

## खबर संक्षेप

### दान मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग



**करनाल।** हरियाणा यूथ कांग्रेस के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मुकेश चौधरी ने राम मंदिर से जुड़े दान मामले को लेकर केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण देने और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मुकेश चौधरी ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं और राम मंदिर देश की भावनाओं का केंद्र है। उनका कहना था कि यदि मंदिर से जुड़े किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राम मंदिर के नाम पर जनता से समर्थन प्राप्त किया, इसलिए इस मामले में उठ रहे सवालों पर भी सरकार को अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर सच्चाई देश के सामने लाई जानी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था बनी रहे।

### प्रेम नगर के दो सरकारी स्कूलों में लगाए 200 पौधे



**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा के पर्यावरण विभाग की ओर से मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़के) एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़कियां), प्रेम नगर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। दोनों विद्यालयों को 100-100 पौधे भेंट किए गए। इनमें से अधिकांश पौधे विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में रोपे गए। साथ ही विद्यार्थियों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। पेड़ शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ पर्यावरण संतुलन, वर्षा चक्र और सुरक्षित भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कारागार में बंदियों को मिलेगा होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण

**जेल लोक अदालत में पांच मामलों का निपटारा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला कारागार में बंदियों के लिए विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ छह बंदियों को मिली रिहाई

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक लखबीर सिंह सहित जेल स्टाफ भी मौजूद रहा।

होटल मैनेजमेंट विभाग, पानीपत के प्रधानाचार्य डॉ. आलोक ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बंदियों को रिहाई के बाद रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि होटल मैनेजमेंट के विभिन्न क्षेत्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पी.आर. नाथ, एमडी डी ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी यादव ने बंदियों को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने और इसे भविष्य में आजीविका का साधन बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जेल लोक अदालत का भी आयोजन किया।

इसमें पांच मामलों का निपटारा किया गया तथा निर्धारित शर्तों के आधार पर छह बंदियों को रिहा किया गया।



**करनाल।** जिला कारागार में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में बंदियों को संबोधित करतीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी यादव। *फोटो : हरिभूमि*

**नागरिक सदन का निरीक्षण किया**

दोपहर बाद मीनाक्षी यादव ने श्रद्धानंद बाल आश्रम, नारी निकेतन और सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक सदन का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली, वरिष्ठ नागरिकों से संवाद किया तथा उन्हें फल वितरित किए।

# २१ को पंचकूला कूच करेंगी आशा वर्कर्स

■ मांगों को लेकर 10 अगस्त को जेल भरो आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आशा वर्कर यूनियन की ओर से ब्लॉक करनाल के पीएचसी रामनगर और पीएचसी सेक्टर-13 में कार्यरत आशा वर्करों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामनगर पीएचसी की प्रधान रेनू तथा सेक्टर-13 पीएचसी की प्रधान सीनू ने की। बैठक में 21 जुलाई को पंचकूला स्थित एनएचएम महानिदेशक कार्यालय के प्रस्तावित घेराव को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई।

जिला प्रधान नीरू तथा राज्य एवं जिला सचिव सुदेश रानी ने कहा कि आशा वर्करों की लंबे समय से लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसी के विरोध में राज्य कमेटी के आह्वान पर 21 जुलाई को पंचकूला में राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें करनाल से बड़ी संख्या में आशा वर्कर भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो 10 अगस्त को जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2025 में घोषित 1500 रुपये की मानदेय वृद्धि आज तक लागू नहीं की गई है। इसके अलावा आरोग्य मंदिर ऐप, टीबी सर्वे और पोलियो अभियान सहित विभिन्न कार्यों का भुगतान भी लंबित है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रहे ऑनलाइन कार्यों के कारण नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।



**करनाल।** बैठक में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा करती आशा वर्कर।

**ये रही मौजूद**

बैठक में नीरू, सीनू, रेनू, सुदेश रानी, इंदु, बिंदु, सुशील, गुड्डन और सीमा सहित अनेक आशा वर्कर उपस्थित रहीं।

# वर्षा की हर बूंद बचाने को जन आंदोलन बनाएं : उपायुक्त

■ कैच द रेन अभियान में सभी विभागों, संस्थानों और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने मानसून के दौरान वर्षा जल का अधिकतम संचयन करने की अपील करते हुए कहा कि भारत सरकार के कैच द रेन अभियान का उद्देश्य बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजकर जल संकट का स्थायी समाधान तैयार करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि आज पानी बचाया जाएगा तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

उपायुक्त ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए वर्षा जल संचयन को जन-आंदोलन का रूप देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर, कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, उद्योग और अन्य संस्थानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाई जाए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम उपयोग हो सके। साथ ही भूजल स्तर बढ़ाने के लिए रिचार्ज पिट और रिचार्ज शाफ्ट बनाए जाएं तथा अनुपयोगी बोरवेलों का उपयोग भूजल रिचार्ज के लिए किया जाए। उपायुक्त ने पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण पर भी जोर देते हुए संबंधित विभागों को तालाबों और जलाशयों की नियमित सफाई तथा गाद निकालकर उनकी क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए।

# मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

■ 37 को नकद पुरस्कार, नेतृत्व व अनुशासन का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामनगर में मंगलवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं बाल भारती गठन कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओ.पी. मलिक तथा विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय के पूर्व छात्र राजेश चोपड़ा (वरिष्ठ अभियंता) ने किया। समारोह में शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 37 विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 3100 रुपये का पुरस्कार श्रुति, चाहत, राघव, हरमन, आर्यन कुमार, राघव पांचाल, योगिता और खुशी को प्रदान किया गया। 2100 रुपये की राशि अनित, वंशिका शर्मा, शालिनी देवी और निहारिका को दी गई। वहीं 1100 रुपये का पुरस्कार आदित्य, निष्ठा, फरलीन, उदित भल्ला, चेतन, केशव, मनदीप, दिव्यांशी, अर्शप्रीत, राशि, अंशदीप और समीक्षा को मिला। 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि मयंक, परी शर्मा, रुत, दिव्यांशी, सनाया, राधिका, तनीषा, इनायत, भव्य, अरनव, शगुन और तनिषा को प्रदान की गई। विद्यालय की बाल भारती का भी गठन किया गया। विभिन्न दायित्वों के लिए चयनित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।विशिष्ट अतिथि राजेश चोपड़ा ने लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला।



**करनाल।** सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन।

# महिला आरक्षण कानून तुरंत लागू करने की उठाई मांग

■ विपक्षी दलों से संसद,विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए दबाव बनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महिला आरक्षण कानून को जल्द लागू कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा तथा सीपीआई जिला सचिव जिले सिंह को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले विभिन्न जनसंगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष सविता ने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी बहुत कम है।

महिलाओं की नीति निर्माण में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का शीघ्र क्रियान्वयन आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष ममतेश, जिला सचिव जराशो शर्मा, जिला कैशियर गीता, सुमन मंगलोरा, प्रवेश, शकीला, बिजनेश राणा, सुशील गुर्जर, ओमप्रकाश सिंहमार, विनोद आदि मौजूद रहे।




**करनाल।** ज्ञापन सौंपते हुए जनवादी महिला समिति के पदाधिकारी।

**उद्योगपति पंकज ने पिता ला. सतपाल की पुण्य स्मृति में करवाया निर्माण**

# गांव साम्भली गोशाला में बनवाया आधुनिक शेड

■ इस शेड के तैयार होने के बाद 200 गोवंश को सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

समाजसेवा और गौसेवा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए केएस ओवरसीज प्रा. लि. 521 फूड प्रोडक्ट के सीएमडी पंकज गोयल ने अपने स्वर्गीय पिता लाला सतपाल गोयल की 15वीं पुण्यतिथि पर एक सराहनीय पहल की है। उनकी पुण्य स्मृति में गांव साम्भली स्थित मनोकामना सिद्ध श्री वृंदावन धाम गौशाला में करीब 4 लाख रुपये की लागत से गोवंश के लिए आधुनिक शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इस शेड के तैयार होने के बाद लगभग 200 गोवंश को बैठने, चारा खाने तथा गर्मी, बारिश और सर्दी से सुरक्षित रहने की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस सेवा कार्य के लिए मनोकामना सिद्ध श्री वृंदावन धाम गौशाला के अध्यक्ष गौरव गर्ग, उपाध्यक्ष रजत गर्ग तथा पूरी कार्यकारिणी ने केएस ओवरसीज प्रा. लि. तरावड़ी पहुंचकर सीएमडी पंकज गोयल ओर हर्ष गोयल का सम्मान किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष गौरव गर्ग व उपाध्यक्ष रजत गर्ग समेत अन्य गौशाला पदाधिकारियों ने कहा कि स्वर्गीय लाला सतपाल गोयल जीवनभर समाजसेवा, जरूरतमंदों की सहायता और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढक़र योगदान देते रहे। उन्होंने हमेशा मानव सेवा और गौसेवा को अपनी प्राथमिकता बनाया तथा अनेक सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। आज उनके सुपुत्र पंकज गोयल और पौत्र हर्ष गोयल उसी सेवा भावना और संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए समाजहित के कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर धन सिंह राणा, कुलदीप राणा, अंग्रेज राणा, संजू राणा, अध्यक्ष गौरव गर्ग, उपाध्यक्ष रजत गर्ग, अमित गर्ग, रोहताश राणा, कुलदीप प्रजापत, साक्ष्य शर्मा, प्रवीण राणा सग्गा, प्रदीप राणा, सतीश गर्ग, राकेश वर्मा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।



**तरावड़ी।** उद्योगपति पंकज गोयल एवं हर्ष गोयल का आभार व्यक्त करते अध्यक्ष गौरव गर्ग व गौशाला पदाधिकारी

### स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : सैनी

**लाडवा।**हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति व्यापक जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है। स्वच्छता केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के संदेश से प्रेरित होकर लोगों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है। सुमन सैनी मंगलवार को लाडवा अनाज मंडी धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इससे पहले सुमन सैनी ने गांव गुढ़ा व अनाज मंडी लाडवा में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने आसपास के क्षेत्र की सफाई करते हुए नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।

## न्यूज डायरी

### कक्षा दूसरी के बच्चों ने मनाया बैग फ्री डे



**तरावड़ी।** कार्यक्रम में भाग लेते प्रताप स्कूल के बच्चे।

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में कक्षा दूसरी के नन्हे बच्चों के लिए बैग फ्री डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने बिना बस्ते के आकर फिल्म, मस्ती और रचनात्मकता से भरपूर दिन बिताया। विद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में बच्चों के लिए प्रसिद्ध एनिमेशन फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म से बच्चों ने परिवार का साथ, माता-पिता का सम्मान, बहादुरी और जरूरत में एक-दूसरे की मदद करना जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक गुण सीखे। फिल्म के बाद क्राफ्ट मेकिंग गतिविधि हुई। बच्चों ने रंग-बिरंगे कागजों से सुंदर क्राफ्ट बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को रटने के बजाय करके सीखने के अवसर देना है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संस्कार और आत्मविश्वास दोनों बढ़ाते हैं और उन्हें बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने कहा खेल और मनोरंजन के साथ दी गई शिक्षा बच्चों के मन पर गहरी छाप छोड़ती है। बैग-फ्री डे बच्चों को तनाव मुक्त करता है और उन की रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### आयुष्मान लाभार्थियों की 30 प्रतिशत वृद्धि हुई



**तरावड़ी।** डॉ. कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में आशा वर्कर बैठक में भाग लेते हुए।

**तरावड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सभी आशा वर्कर बैठक बुलाई गई। इस बैठक में स्वास्थ्य सम्बंधित कार्यक्रम का वर्णन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दिनांक 15 जुलाई से 14 अगस्त तक आयुष्मान पखवाड़ा चल रहा है जिसमे सरकार द्वारा आयुष्मान लाभार्थियों कि 30 प्रतिशत कि वृद्धि कर दी गई है। इसलिए सभी आमजन अपना मोबाइल ले जाकर सीएससी सेंटर पर अपना आयुष्मान कार्ड चैक करवा कर बनवा लें। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा परिवार नियोजन पखवाडा 11 जुलाई से 18 जुलाई तक है। जिसके दौरान कोई भी महिला या पुरुष अपनी नसबंधी या नलबंधी सिविल हस्पताल करनाल में जाकर करवा सकते हैं तथा सभी आशा वर्कर को हिदायत दी हैं कि वों भी इस कार्यक्रम अपना सहयोग दें एक एक केस परिवार नियोजन का अपने अपने एरिया से करवाएं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नो मेटेर्नल डेथ पखवाडा के तहत सभी आशा वर्कर ने सभी गर्भवती महिलाओं कि एच आर पी कि जाँच व उपचार समय पर करवाएं । इसके अलावा आशा वर्कर को बताया कि सभी बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण पूरा करवाएं ताकि छोटे बच्चों को संक्रमित बिमारियों से बचाया जा सके। इस बैठक में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के अलावा श्रीमती सुमनलता आशा सुपरवाईजर, श्रीमती सुनीता, संजय हैल्थ इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण



**करनाल।** सीपीआर प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ चिकित्सक।

**करनाल।** सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य, विर्क हॉस्पिटल तथा हरियाणा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन करनाल के सहयोग से एक निजी बैंक्वेट हॉल में निःशुल्क सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, हॉस्पिटल स्टाफ एवं अन्य प्रतिभागियों ने भाग लेकर हृदय गति रुकने की स्थिति में प्राथमिक जीवनरक्षक सहायता देने की तकनीक सीखी। डॉ. ललित, डॉ. अभय सूद तथा विर्क हॉस्पिटल की प्रशिक्षित मेडिकल टीम ने आधुनिक मानकों के अनुसार सीपीआर देने की सही विधि का प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट के दौरान शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं और समय पर सही तरीके से दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने डमी पर स्वयं अभ्यास किया तथा विशेषज्ञों से विभिन्न प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। डॉ. ललित ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सीपीआर का प्रशिक्षण अवश्य लेना चाहिए, क्योंकि एम्बुलेंस पहुंचने से पहले दी गई प्राथमिक सहायता कई बार जीवनदान साबित होती है। कार्यक्रम में बिट्टा, राजन, प्रीतम, आदित्य, मोहित, संजीत मिश्रा, सचिन, विनोद ठाकुर, गौरव सहगल, कमल गर्ग, अनुराग बग्गा सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे।

### आषाढ़ अमावस्या पर हवन, गोसेवा का लिया संकल्प



**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला देवधाम में आषाढ़ अमावस्या पर आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित करते श्रद्धालु।

**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला देवधाम में आषाढ़ अमावस्या के अवसर पर विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर देश, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। यजमान के रूप में ईश्वर सिंगला, नरेंद्र गोयल और प्रवीण कुमार गोयल परिवार सहित शामिल हुए। गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गऊ माता का विशेष महत्व है। गौसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के साथ प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी स्मरण कराता है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एस.के. गोयल एवं महासचिव रामकुमार गुप्ता ने गऊशाला में संचालित गौवंश चिकित्सालय की जानकारी देते हुए बताया कि यहां गौवंश का निःशुल्क उपचार किया जाता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक गौसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। हवन की पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं ने गौवंश को हरा चारा, गुड़ एवं अन्य सामग्री अर्पित की तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अरुण गुप्ता, विकास बंसल, अरुण बंसल, बलबीर लाठर, दुलिया राम शर्मा, ईश्वर गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नाटक युग परिवर्तन का मंचन आज

**कुरुक्षेत्र।** वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महाकवि कालिदास जयंती के अवसर पर संगीत नाटक अकादेमी नई दिल्ली द्वारा 15 जुलाई को देशभर में 150 नाटकों का मंचन करवाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हरियाणा कला परिषद के सहयोग से कला कीर्ति भवन में नाटक युग परिवर्तन वंदे मातरम की हुंकार का मंचन किया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने दी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने गांव जलापुर प्रथम के पास स्थित फैक्टरी से प्रिटिंग स्क्रीन चोरी की वारदात में शामिल फरार और दो आरापियों सोहेल व क्यूब निवासी गांव बल्हेडा जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि आरोपियों से 26930 रूपए की नकदी और वारदात में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की है। स्मरणीय है कि चोरी की वारदात बारे थाना सनौली में अंसल सुशांत सिटी, पानीपत निवासी सचिन पुत्र जोगिंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सीआईए ने मोबाइल छीनने वाला दबोचा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने खोतपुरा चौक पर बाइक से घर लौट रहे युवक से मारपीट कर मोबाइल लूटने के आरोपी चमन निवासी गांव गढ़ सरनाई जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि उपरोक्त मामले में थाना हुडा सेक्टर 13/17 में खोतपुरा गांव निवासी मोहित पुत्र सुरजीत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### एडीसी ने एसआईआर की समीक्षा की

पानीपत। विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि फॉर्म डिजिटलाइजेशन का कार्य 24 जुलाई तक बढ़ा दिया है।

### रोजगार मार्गदर्शन सप्ताह 20 से 24 तक

**पानीपत।** जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के सभी रोजगार कार्यालयों द्वारा 20 से 24 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और रोजगार इच्छुक प्रार्थियों को व्यवसायिक और प्रशिक्षण सुविधाओं के बारे जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करना है, यह विद्यार्थियों व बेरोजगार युवाओं को सही करियर चुनने में मदद करता है।

### ओलंपियाड पंजीकरण को लेकर शिक्षकों की बैठक

**पानीपत।** भारतीय गणित ओलंपियाड की प्रथम चरण परीक्षा आईओक्यूएम के पंजीकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बापौली में शिक्षकों व प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। बैठक में बीईओ बापौली सत्येन्द्र, ब्लॉक आईओक्यूएम नोडल अधिकारी एवं पीजीटी गणित सोनू, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक विनोद, संजीव आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद बच्चों को स्कूल भेजा

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के तीन बच्चों का प्रवेश एलकेजी, चौथी एवं पांचवी कक्षा में एसएल पब्लिक स्कूल पानीपत में करवाया गया। तीनों बच्चे मेधावी है। इनके 90 प्रतिशत से अधिक अंक आते हैं।

### रिफाइनरी दिवस पर रक्तदान किया

पानीपत। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के 28वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रिफाइनरी टाउनशिप में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 84 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया, ओम प्रकाश मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन, डॉ.पूजा आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष, शिकायत

पानीपत। पानीपत के भोला चौक क्षेत्र में बच्चों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पुलिस को दी शिकायत में सोनू ने बताया कि रिंकू व इसके करीब बीस साथियों ने उन्हें व उनके परिजनों को पीटा, बेटी के साथ अभद्रता की। घर में तोड़फोड़ की और घर के बाहर खड़ी बाइक को भी डंडे व राड मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर, पुलिस ने सोनू की शिकायत पर इस मामले की जांच शुरू कर दी।

---

### स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने में जुटे उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ

# सिविल व आर्टियोस अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों का जाना हाल

**महिला वार्ड और बाल रोग विभाग में भर्ती मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को भी परखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने मंगलवार को सामान्य अस्पताल और आर्टियोस हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, सफाई व्यवस्था और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत की और अस्पताल प्रशासन को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि अस्पताल केवल इलाज के साथ विश्वास का भी केंद्र होते हैं। प्रत्येक मरीज को स्वच्छ वातावरण, समय पर उपचार, आवश्यक दवाइयां और संवेदनशील व्यवहार मिलना चाहिए। अस्पतालों में साफ-सफाई, सभी जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं और निर्धारित एसओपी का पूरी गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। मरीजों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सामान्य अस्पताल के आपातकालीन विभाग, वात्सल्य पोषण पुनर्वास केंद्र, बाल रोग विभाग, सार्वजनिक प्रयोगशाला, महिला वार्ड, मानसिक स्वास्थ्य केंद्र, मेडिसिन कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से उनके उपचार, दवाइयों की उपलब्धता, भोजन, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मेडिसिन कक्ष में एक्सपायरी दवाइयों के रखरखाव और उनके सुरक्षित निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने और उसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला वार्ड और बाल रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे उपचार, पोषण आहार और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। पोषण पुनर्वास केंद्र में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने तथा निर्धारित एसओपी के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त ने आर्टियोस हॉस्पिटल का निरीक्षण कर साइकयाट्रिक वार्ड, ओपीडी और मरीजों के उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को प्रत्येक मरीज का संपूर्ण ट्रैक रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से रखने और इलाज की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**पानीपत।** सिविल अस्पताल में रोगी का हाल चाल जानते हुए उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ। *फोटो : हरिभूमि*

#### स्टाफ की समय पर उपलब्धता पर जोर

डॉ. वशिष्ठ ने दोनों अस्पतालों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण, दवाइयों की उपलब्धता, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता, पेयजल, शौचालयों की स्वच्छता, बिजली, बैठने की व्यवस्था, मरीजों के लिए पर्याप्त बेड, ऑक्सीजन, आपातकालीन सेवाएं तथा चिकित्सकों और स्टाफ की समय पर उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ विजय मलिक, सीएमजीजीए आदिति, डॉ. मोना नागपाल, डॉ. जसवीर मलिक, डॉ. ललित वर्मा, डॉ. अमित सहित आदि उपस्थित रहे।

---



पानीपत। स्वच्छता अभियान में एकत्रित कूड़े को डंपिग के लिए रवाना करते मेयर और अन्य भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

## प्रदेशाध्यक्ष व मेयर ने शहर में चलाया स्वच्छता अभियान

- स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों का हिस्सा : डॉ. अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

स्वच्छता ही स्वागत राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत मंगलवार को मित्तल मेगा मॉल के सामने स्थित ग्रीन पार्क में विशाल स्वच्छता एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट तथा मेयर कोमल सैनी ने भाग लिया। सभी नेताओं ने स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान किया और उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक को इस अभियान से जुड़ना होगा। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज देशव्यापी जनआंदोलन बन चुका है। स्वच्छता ही स्वागत अभियान इसी संकल्प को और अधिक मजबूत करने का माध्यम है। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। यदि हम सभी अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता का संकल्प लें तो हमारा शहर और देश दोनों स्वच्छ एवं सुंदर बनेंगे। वहीं मेयर कोमल सैनी ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक पार्क और सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में पार्षद अशोक कटारिया, अमित नारंग, कमल अरोड़ा, नवल जिंदल, सनौली मंडल अध्यक्ष जगबीर आर्य, शिवानी पांचाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा शर्मा आदि ने भाग लिया।

---

## पर्यावरण को हरा-भरा बनाना प्रभु की अराधना के समान : माया

- सैनी सेवा ट्रस्ट ने अमावस्या पूजन कर पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

सैनी सेवा ट्रस्ट ने अमावस्या पूजन करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने छायादार व फलदार पौधे रोप कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ट्रस्ट की चेयरपर्सन माया देवी ने कहा वृक्ष ही जीवन का आधार हैं, हर पौधा आने वाली पीढियों के लिए अमूल्य उपहार है। सैनी सेवा ट्रस्ट मानसून के रहने तक बडी संख्या में पौधे रोपती रहेगी, साथ ही यह भी प्रयास रहेगा कि हर पौधे की भविष्य में जवान होने तक देखभाल की जा सके। वहीं, समाजसेवी उम्मेद सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष पौधे लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। वहीं, वृक्ष आने वाली पीढ़ीयों के लिए अमूल्य धरोहर हैं और स्वच्छ पर्यावरण का आधार भी। वहीं, पौधारोपण में संजू सैनी, सोहन लाल, मोहन लाल, दीपक सैनी, उमेद सैनी, नितीश, जगदीश शर्मा, अनिल सैनी, पवन सैनी, आशू सैनी, नीलम देवी, पूनम, मोहित, फिटनेस कोच टोनी, नीलम सैनी, माया देवी और विक्की सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



**पानीपत।** सैनी सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी पौधे रोपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### शहर में मेयर ने सफाई व्यवस्था जांची

**पानीपत।** नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने वार्ड 15 स्थित हुडा सेक्टर 11-12 क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था में कमियां पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं सफाई एजेंसी के प्रतिनिधियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त किया जाए तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था 100 प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सड़कों, खाली प्लॉटों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा नहीं होना चाहिए। वार्ड 15 स्थित हुडा सेक्टर 11-12 क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

## इंसान के जीवन को खोखला बना देती है नशे की लत: डॉ. अशोक

- चालक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने हरियाणा राज्य परिवहन के चालक प्रशिक्षण संस्थान, पानीपत में नशे के विरुद्ध दिवसीय जागरूकता अभियान चलाते हुए चालक प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों, इसके कारणों तथा बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। नशा सडक़ दुर्घटनाओं, अपराधों तथा पारिवारिक विघटन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि चालक समाज की सुरक्षा से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए उनका नशामुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। एक जागरूक एवं जिम्मेदार चालक न केवल अपनी, बल्कि अनेक लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। वहीं, कार्यक्रम के अंत में सभी चालक प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों ने नशा न करने, सुरक्षित वाहन चलाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग देने की शपथ ली।



**पानीपत।** प्रशिक्षण के दौरान नशे के विरुद्ध शपथ लेते प्रशिक्षु चालक व अन्य।

---



### डीईओ ने राजकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

**पानीपत।** पानीपत के जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत राकेश बूरा ने मंगलवार को गांव कुराना, परढाना, कारद के राजकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीईओ बूरा ने स्कूलों की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी विषयगत समझ का आकलन किया। विद्यार्थियों की कॉपियां, गृहकार्य, विद्यालय डायरी एवं शिक्षकों के अध्यापन कार्य का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाओं, खेल सामग्री एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। वहीं, बूरा ने तीनों विद्यालयों में स्टाफ बैठक लेकर शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित मूल्यांकन, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा नामांकन वृद्धि के लिए प्रेरित किया।

## दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस बैस्टिल डे मनाया

- दुनिया का हर निवासी हमारा परिवार : डॉ विनीता तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस बैस्टिल डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने किया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रा अनिका और गर्वित ने पीपीटी के माध्यम से फ्रांसीसी क्रांति और फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने फ्रांस की संस्कृति पर आधारित सामूहिक नृत्य और समूहगान की प्रस्तुति भी दी। प्राचार्या डॉ.विनीता तोमर ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश व नागरिक हमारे ही परिवार है। वहीं, भारत की सनातन संस्कृति ने दुनिया को सद्भावना का संदेश दिया है। इसके मद्देनजर सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए। इधर, कार्यक्रम का संचालन कक्षा पांचवीं की छात्रा आस्था और शौर्य ने किया।



**पानीपत।** डीएसपीएस में प्राचार्या डॉ विनीता तोमर के साथ विद्यार्थी।




**पानीपत।** अवैध निर्माण व कॉलोनियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों व निर्माण को लेकर सख्त हुआ प्रशासन

**पानीपत।** पानीपत जिला में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम मनदीप कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनी या अनधिकृत निर्माण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अवैध कॉलोनियों में किसी भी स्थिति में नए बिजली कनेक्शन जारी न किए जाएं। बैठक में जिला नगर योजनाकार (एनफोर्समेंट) को अवैध निर्माण व कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जबकि पुलिस विभाग को जरूरत के अनुसार पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

---



## स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : सैनी

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति व्यापक जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है। स्वच्छता केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के संदेश से प्रेरित होकर लोगों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मंगलवार को लाडवा अनाज मंडी धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने गांव गुढ़ा व अनाज मंडी लाडवा में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने आसपास के क्षेत्र की सफाई करते हुए नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जिलाध्यक्ष रमेश सैनी, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरमैन डा. गणेश दत्त, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मुहिमः पानीपत में हर बच्चे का बनेगा हीमोग्लोबिन कार्ड

# एनीमिया के उपचार व पोषण सेवाओं पर रहेगा फोकस

**योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं से डीसी को अवगत कराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय के सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में जिले के सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों की जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री राहत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिले के सरकारी एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। वहीं, बैठक में उपायुक्त ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के चिकित्सकों एवं प्रबंधन को निर्देश दिए कि प्रत्येक अस्पताल में निर्धारित स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पूरी गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के प्रत्येक विभाग में संबंधित प्रोटोकॉल स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं तथा सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को इसकी पूरी जानकारी दी जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में बेहतर और मानकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सी-सेक्शन (सिजेरियन) मामलों के लिए अलग प्रोटोकॉल तैयार कर उसका कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने हेपेटाइटिस, टीबी, एचआईवी की जिले में वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों तक सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पीएम राहत योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।




**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ जिला स्तरीय स्वास्थ्य समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### एनीमिया की समय पर पहचान जरूरी

उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पंचायतों को कुछ गांव अडॉप्ट करने के लिए भी कहा गया है, ताकि स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता और सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले के प्रत्येक बच्चे का हीमोग्लोबिन कार्ड बनाया जाना अनिवार्य करें। ताकि एनीमिया की समय पर पहचान कर आवश्यक उपचार और पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में सीएमओ डॉ विजय मलिक, सीएमजीजीए आदिति, डॉ मनीष, डॉ ललित वर्मा, डॉ रिंकू सांगवान, डॉ सोहन, डॉ नवनीत के साथ साथ विभिन्न प्राइवेट हॉस्पिटलों के चिकित्सक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक से गूंजा परिवार नियोजन का संदेश

**शहजादपुर।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में चलाए जा रहे जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत नागरिक अस्पताल के परिसर में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत रामचंद्र रोहिल्ला एंड पार्टी द्वारा परिवार नियोजन विषय पर एक बेहद प्रभावशाली और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम एसएमओ डॉक्टर प्रवीण कुमार कि देख रेख में आयोजित किया गया नाटक को देखने के लिए अस्पताल में आए मरीजों और उनके तीमारदारों में भी काफी उत्सुकता दिखाई दी। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय, संवादों और लोकगीतों के माध्यम से उपस्थित आमजन को छोटे परिवार के लाभ की जानकारी दी।

### 22 जुलाई को जारी होगी पहली मेरिट सूची

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए निर्धारित ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई, 2026 तक छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा चुके हैं। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथम मेरिट सूची 22 जुलाई, 2026 को जारी की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्राएं 23 जुलाई से 27 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा कर सकेंगी। उन्होंने आगे बताया कि द्वितीय मेरिट सूची 29 जुलाई, 2026 को जारी होगी।

### आईटीआई में ट्रेड चयन की अंतिम तिथि आज

**शहजादपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारांपुर के प्रधानाचार्य सुलतान सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न आईटीआई ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने तथा ट्रेड चयन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारांपुर में कोपा , ड्रेस मेकिंग, वेल्डर, वुड वर्क टेक्नीशियन, शीट मेटल वर्कर, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग, पेंटर जनरल तथा आईएंड सीटीएसएम सहित विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों में प्रशिक्षण उपलब्ध हैं।

### परिवार नियोजन के प्रभावी उपाय बताए

**शहजादपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को छोटे परिवार के महत्व, बच्चों के बीच उचित अंतराल तथा परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी दी गई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ. गुरप्रीत सिंह ने बताया कि यह अभियान सीएमओ के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### हर सरकारी स्कूल में नवाचार की उड़ान

# अटल टिंकरिंग लैब्स को 'ऑन' करने स्कूलों में पहुंचे डीईओ

**किताबी ज्ञान से आगे बढ़ें बच्चे, बनें इनोवेटर: डीईओ ने अटल टिंकरिंग लैब का किया औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार की संस्कृति और आधुनिक तकनीकी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बुधवार को अंबाला शहर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर तथा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन की अटल टिंकरिंग लैब का विस्तृत निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण जिले में स्थापित अटल टिंकरिंग लैबों के प्रभावी संचालन और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। जिले में कुल 27 सरकारी विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जा चुकी हैं। निरीक्षण के दौरान डीईओ सुधीर कालड़ा ने दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों, कंप्यूटर विज्ञान के पीजीटी एवं टीजीटी तथा संबंधित शिक्षकों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय के टाइम टेबल में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से अटल


अंबाला। रजिस्टर की जांच करती डीईओ सुधीर कालड़ा। फोटो: हरिभूमि

टिंकरिंग लैब का पीरियड निर्धारित किया जाए, ताकि यह सुविधा केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को नवाचार और प्रयोग का अवसर मिले। डीईओ ने अटल टिंकरिंग लैब के स्टॉक रजिस्टर का स्वयं निरीक्षण करते हुए विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई सामग्री का सूची के साथ मिलान किया तथा उपकरणों के सुरक्षित रखरखाव और नियमित उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से उपलब्ध कराए गए आधुनिक उपकरण तभी सार्थक होंगे, जब विद्यार्थी उनका नियमित उपयोग करेंगे और शिक्षक पूरे मनोयोग से इस योजना को अपनाएंगे।

इस अवसर पर डीईओ सुधीर कालड़ा ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाईन में आयोजित की जा रही सुपर-100 परीक्षा का भी मुआयना किया। यहां जिले भर के 100 विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था जिनमें से 81 विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए उपस्थित थे। डीईओ के निरीक्षण के दौरान राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जनसुई से पीजीटी मंजीत कौर तथा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेवनगर से अर्पणा कालड़ा भी कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण के लिए प्रेमनगर विद्यालय में उपस्थित थीं। डीईओ ने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक ही अटल टिंकरिंग लैब की वास्तविक शक्ति हैं और वे अपने अनुभव से अन्य विद्यालयों को भी प्रेरित करेंगे।

#### टीजीटी-पीजीटी शिक्षक मिशन मोड में करें काम

सुधीर कालड़ा ने विशेष रूप से कंप्यूटर विज्ञान के टीजीटी एवं पीजीटी शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस योजना को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे अपने विद्यालय की पहचान और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा मिशन समझकर अपनाएं। उन्होंने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 3-डी डिजाइनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कोडिंग जैसे आधुनिक कौशल विकसित करने का सशक्त माध्यम है। आने वाला समय उन्हीं विद्यार्थियों का होगा जो केवल किताबें पढ़ने तक सीमित न रहकर नए विचारों को वास्तविक मॉडल और नवाचार में बदलना सीखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब प्रदेश में नवाचार का उत्कृष्ट मॉडल बनें, इसके लिए शिक्षा विभाग लगातार निगरानी, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों से आह्वान किया कि वे अपने विद्यालयों में ऐसी शैक्षणिक संस्कृति विकसित करें, जहां प्रत्येक विद्यार्थी प्रयोग करने, सीखने और कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि शिक्षक और विद्यालय प्रमुख इस योजना को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करेंगे तो सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

## मानव चौक से शुरू होगी श्री जगन्नाथ यात्रा, पुरी तरह की खींचा जाएगा रथ

- हर साल आयोजित होती है यात्रा, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की हरे कृष्ण प्रचार समिति के सौजन्य से 16 जुलाई को सांय 4 बजे मानव चौक रामलीला गांधी मैदान से भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी हरे कृष्ण प्रचार समिति के पदाधिकारी राधा मत्स्य दास ने दी।

राधा मत्स्य दास ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार जगन्नाथ यात्रा का आयोजन जिस तरह पुरी (उड़ीसा) में किया जाता है, उसी प्रकार यहां पर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर रथ यात्रा को रवाना करेंगे। हरे कृष्ण प्रचार समिति के पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए जिलावासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि इस यात्रा में शामिल होकर रथ यात्रा का स्वागत करते हुए भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रा में शामिल होकर जो भक्त या श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान श्री जगन्नाथ के रथ/रस्सों को खींचता है, भगवान का सिमरन करते हुए उसे आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने यह भी बताया कि यह यात्रा 16 जुलाई को रामलीला मैदान मानव चौक से शुरू होकर जलबेड़ा रोड़ से होते हुए गेट नंबर 5 से सेक्टर 10 मे प्रवेश करते हुए सामुदायिक भवन सेक्टर 10 में आकर संपन्न होगी।

## जमीनी सौदेबाजी में 19 लाख की ठगी मां-बेटे समेत तीन पर दर्ज हुआ केस

- सात कनाल जमीन की सौदेबाजी के बावजूद किसी दूसरे को जमीन बेचने का आरोप, न पैसे वापस किए न ही जमीन नाम करवाई

**अंबाला।** होशियारपुर में 7 कनाल जमीन बेचने के नाम पर बरनाला गांव के नरेंद्र सिंह से 19 लाख रुपये की ठगी हो गई। आरोप है कि मां-बेटे समेत तीन लोगों ने जमीन का सौदा करने के बाद वही जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड कर बेच दी। आरोपियों ने पीड़ित के रुपये लौटाने के लिए दिए गए चेक भी बाउंस हो गए। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर पंजोखरा साहिब थाना पुलिस ने पंजाब के होशियारपुर की बलबीर कौर, उसके बेटे परविंद्र सिंह और सचिन भल्ला के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। बरनाला गांव स्थित राजा गार्डन के नरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 जून 2025 को बलबीर कौर और उसके बेटे परविंद्र सिंह के साथ 7 कनाल जमीन का सौदा 48 लाख रुपये में तय हुआ था। बयाने के तौर पर उसी दिन तीन लाख रुपये का चेक दिया गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने जमीन पर बैंक का लोन चुकाने का हवाला देकर अलग-अलग तारीखों में कुल 19 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता का कहना है कि सौदा तय करते समय जमीन पर बैंक ऋण होने की जानकारी उनसे छिपाई गई थी।

## गुदगुदी जंक्शन समूह की ओर से ट्विन सिटी में किया जाएगा पौधरोपण, नि:शुल्क पौधे बांटे जाएंगे

- मीटिंग के दौरान तय की गई योजना, कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह की कार्यकारिणी की बैठक अंबाला शहर प्रभारी रोहित जैन के प्रतिष्ठान आम्रपाली होटल में आयोजित हुई। संरक्षक प्रो.सतीश चंद्र पाराशर के मार्गदर्शन और समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा और अगले कार्यक्रमों की प्लानिंग की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव दिए। समूह द्वारा अब तक करवाए गए


अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

सामाजिक,धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में योगदान देने वाले पदाधिकारियों के पैनल में जिला प्रभारी डॉ.संजय गौतम,जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र धीमान, जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी इंद्र परुथी, साहित्यिक मंच अक्षरम् के प्रभारी जगमाल सिंह राणा, अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा, डॉ.इंद्र कुमार शर्मा और असीम अग्रवाल के कार्यों की सराहना की गई। अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने बताया कि अंबाला छावनी में बुधवार 15 से रविवार 19 जुलाई तक और अंबाला शहर में बुधवार 22 से रविवार 26 जुलाई तक सुबह 7 से 10 बजे(लगातार 3 घंटे)तक पौधारोपण अभियान चलेगा जिसमें अंबाला कैंट के इंचार्ज जगमाल सिंह राणा और अंबाला सिटी के इंचार्ज अरुण शर्मा बनाए गए हैं।

## दबाव का दिखा असर, तय हो गई नगर निगम के सदन की मीटिंग

- आधा दर्जन निगम सदस्यों ने भेजे प्रस्ताव, मेयर बोली निगम कमिश्नर को मीटिंग के लिए भेजा जा चुका है लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- सफाई व पानी निकासी के मुद्दे पर होगी चर्चा

शपथ के बावजूद नगर निगम की पहली मीटिंग न होने का दबाव मेयर व नगर निगम अफसरों पर अब नजर आ रहा है। निगम के सदन की पहली मीटिंग के लिए तैयारी शुरू हो गई है। दिशा की बैठक में भी सदन की मीटिंग न होने का मुद्दा उठा था। इस दौरान सांसद वरुण चौधरी ने अधिकारियों को हर महीने निगम हाउस की बैठक



नगर निगम ऑफिस का बाहरी दृश्य।

आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अब मेयर अक्षिता सैनी ने निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत को पत्र लिखकर बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। संभावना है कि निगम हाउस की बैठक इसी सप्ताह आयोजित होगी। इसके लिए निगम सदस्यों से उनके वार्डों से जुड़े प्रस्ताव और एजेंडा मांगे जा रहे हैं। नगर निगम चुनाव का परिणाम 13 मई को घोषित हुआ था, लेकिन दो महीने बाद भी हाउस की पहली बैठक नहीं हो सकी थी, जिससे कई विकास प्रस्ताव लंबित रहे।

#### विकास कार्यों की होगी समीक्षा

निगम सदस्य मनीष आनंद ने बताया कि बैठक के लिए एजेंडा मांगे जाने पर वे 22 अवैध कॉलोनियों और 54 पैच को जीआईएस पोर्टल पर शामिल कराने तथा बरसाती पानी की निकासी का मुद्दा उठाएंगे। बता दें कि निगम की पिछली हाउस बैठक 8 अप्रैल 2025 को हुई थी। उस बैठक में 181 करोड़ का बजट व शहर के विकास से जुड़े कई प्रस्ताव मंजूर किए थे, लेकिन डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी इनमें से कई योजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं। अब पहली हाउस बैठक इसी सप्ताह होने की संभावना है। पिछली बैठक में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों के लिए भूमि चयन, सामुदायिक भवनों में पोर्टा कैबिन लगाकर गार्ड रूम, सीएससी और सीएफसी स्थापित करने, स्लॉटर हाउस के लिए भूमि चयन, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने और निगम सदस्यों को लैपटॉप उपलब्ध कराने जैसे प्रस्ताव मंजूर किए गए थे। हालांकि इन योजनाओं पर अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी। मेयर अक्षिता सैनी ने बताया कि सदन की बैठक बुलाने के लिए निगम कमिश्नर को पत्र लिख दिया गया है। यह बैठक इसी सप्ताह में होने जा रही है। सभी सदस्यों से वार्ड में होने वाले विकास कार्यों का एजेंडा मांगा जा रहा है। कुछ सदस्यों का एजेंडा आ भी चुका है।

## सीसीटीवी बंद कर पुजारी पर जानलेवा हमला, रंजिश व नशा कनेक्शन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल में भर्ती अढ़ोनी गांव के शिव मंदिर के पुजारी योगीराज गिरी ने कहा कि आरोपी काफी समय से उनसे रंजिश रखते थे। आरोपी का पंजाब के नकोदर से नशे का कनेक्शन है और मंदिर के सामने जिस स्थान को आज दरगाह बताया जाता है, वह पहले सिर्फ आरोपियों के बैठने की जगह थी। पुजारी ने यह भी दावा किया कि इसी रंजिश के चलते 9 जुलाई को आरोपियों ने पहले मंदिर के सीसीटीवी कैमरे बंद किए, फिर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, गले में परना डालकर घसीटा और नाले या नहर में फेंकने तक की बात कर रहे थे। योगीराज गिरी ने बताया कि 9 जुलाई की रात करीब तीन बजे वह रोज की तरह उठे। मंदिर से अलग बनी धर्मशाला से शौच के लिए बाहर गए। उसी दौरान एक कार की आवाज सुनाई दी। कार पहले गांव की दूसरी ओर गई और कुछ देर बाद वापस लौट आई। उस समय उन्होंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने रोज की तरह मंदिर की सफाई की और करीब चार बजे स्नान की तैयारी करने लगे। पुजारी ने बताया कि उस समय उन्होंने केवल गुरु माला पहन रखी थी और पूरी तरह तैयार भी नहीं हुए थे। वह खुद से कुछ गुनगुना रहे थे। आरोपी पंकज ने इस बात का गलत अर्थ निकाल लिया और समझा कि उसके खिलाफ कोई साजिश रची जा रही है।

## शहर के प्रमुख क्षेत्र में वन विकास निगम के फर्नीचर का एक शो-रूम करें स्थापित: रवि सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा वन विकास निगम के अध्यक्ष रवि सैनी ने कहा कि आमजन को हरियाणा वन विकास निगम द्वारा निर्मित फर्नीचर उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा उनकी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख क्षेत्र में निगम के फर्नीचर का एक शो-रूम स्थापित किया जाए। इससे लोगों को निगम द्वारा तैयार किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण एवं आकर्षक फर्नीचर उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी तथा वे सीधे निगम से फर्नीचर खरीद सकेंगे। हरियाणा वन विकास निगम के अध्यक्ष रवि सैनी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा वन विकास निगम की फर्नीचर इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने फर्नीचर



इकाई में संचालित विभिन्न गतिविधियों, उत्पादन प्रक्रिया तथा निर्मित किए जा रहे फर्नीचर उत्पादों का अवलोकन किया और इकाई की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान हरियाणा वन विकास निगम के मुख्य महाप्रबंधक अंबाला रविन्द्र धनखड़, भारतीय वन सेवा महाप्रबंधक कुरुक्षेत्र कुलविंदर सिंह, भारतीय वन सेवा तथा प्रबंधक कुरुक्षेत्र राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र धनखड़ ने अध्यक्ष रवि सैनी का पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा उन्हें हरियाणा वन विकास निगम की कार्यप्रणाली, विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों एवं निगम द्वारा संचालित परियोजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।


**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़ (यूआईएलएस) में पाँच वर्षीय समेकित बी.ए.एल.एल.बी. (ऑनर्स) एवं बी.कॉम.एल.एल.बी. (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों की सहायता के लिए स्थापित हेल्प डेस्क पर मार्गदर्शन प्रदान करते शिक्षकगण।

### ब्लॉक स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शहजादपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं एवं नौवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अभिनय क्षमता तथा सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। रोल प्ले प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**एसडीएम हस्तक्षेप के बाद पेंशन वितरण शुरू, डाकघर ने स्थायी व्यवस्था का आश्वासन दिया**

# फार्म भरने वाला न मिलने से पेंशनधारक रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महाराणा प्रताप चौक स्थित डाकघर में मंगलवार को पेंशन लेने पहुंचे बुजुर्ग और दिव्यांग पेंशनधारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नकद निकासी (कैश विदड्रॉल) फार्म भरने के लिए कोई व्यक्ति उपलब्ध न होने के कारण कई बुजुर्ग सुबह से दोपहर तक भूखे-प्यासे डाकघर परिसर में बैठे रहे, लेकिन उन्हें पेंशन नहीं मिल सकी। परेशान पेंशनधारकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसके



बराड़ा। समस्या के बारे में जानकारी देते पीड़ित बुजर्ग। फोटो: हरिभूमि

बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से पेंशन वितरण की प्रक्रिया शुरू हो सकी। दरअसल डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुजुर्ग एवं दिव्यांग अपनी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लेने पहुंचते हैं। अधिकांश पेंशनधारक अशिक्षित होने के कारण नकद निकासी का फार्म स्वयं भरने में असमर्थ हैं। पहले डाकघर में एक युवक पेंशनधारकों के फार्म भरने में मदद करता था, लेकिन उसके हटने के बाद लोगों की परेशानी बढ़ गई है। यहां के रहने वाले जसमेर सिंह, फकीर चंद, समसा सिंह तथा दिव्यांग जुल्फान अली, जगीरो सहित अन्य पेंशनधारकों ने बताया कि कई दिनों से उनकी पेंशन खातों में आ चुकी है। फार्म भरने वाला कोई नहीं होने के कारण वे रोज डाकघर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कर्मचारियों द्वारा उन्हें स्वयं फार्म भरने के लिए कहा जाता है, जबकि अधिकांश लोग पढ़ना-लिखना नहीं जानते। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में पेंशनधारक सुबह से डाकघर पहुंचे, लेकिन फार्म न भर पाने के कारण घंटों इंतजार करते रहे।

#### भविष्य में नहीं होगी फार्म की जरूरत

डाकघर के पोस्टल असिस्टेंट विजित शर्मा ने बताया कि सभी पेंशनधारकों की बायोमेट्रिक केवाईसी करवाई जा रही है। इसके पूरा होने के बाद नकद निकासी फार्म भरने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और लाभार्थी सीधे बॉयोमेट्रिक मशीन के माध्यम से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अधिक भीड़ होने के कारण यह स्थिति बनी। फिलहाल फार्म भरने के लिए एक युवक की व्यवस्था कर दी गई है तथा भविष्य में भी पेंशनधारकों की सुविधा के लिए निजी स्तर पर एक व्यक्ति उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसी भी बुजुर्ग या दिव्यांग को परेशानी का सामना न करना पड़े।